**अनुक्रमांक____________________**

**व्यापार चिह्न एजेंट परीक्षा, 2025**

**[व्यापार चिह्न नियम, 2017 के नियम 148 के अधीन]**

**पत्र - I**

**अवधि : दो घंटे** **पूर्णांक : 100**

**अनुदेश :**

1. *इस पत्र में एक अंक के 100 प्रश्न हैं।*
2. *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*
3. *अभ्यर्थी उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें।*
4. *किसी भी तकनीकी / विधायी मामले पर परीक्षा के दौरान कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया जाएगा।*
5. *कोई नकारात्मक मूल्यांकन नहीं है।*
6. *'अधिनियम' और 'नियम' के सभी संदर्भों को क्रमशः व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999, व्यापार चिह्न नियम, 2017, माल के भौगोलिक उपदर्शन (पंजीकरण और सुरक्षा) अधिनियम, 1999 और भौगोलिक उपदर्शन (पंजीकरण और सुरक्षा), 2002 अब तक यथा संशोधित के रूप में पढ़ा जाएगा।*
7. *परीक्षा केंद्र के अंदर कोई अध्ययन सामग्री और/या एलेक्ट्रॉनिक यंत्र और / या किसी अभ्यर्थी से कोई चर्चा करने पर निषेध है।*
8. *किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी (i) एक घंटा पूरा हुए बिना (ii) उपस्थिति पत्रक पर हस्ताक्षर किए बिना (iii) पर्यवेक्षक को अपनी ओएमआर शीट/उत्तर पुस्तिका जमा किए बिना।*
9. *यदि कोई अभ्यर्थी निर्धारित समय पूरा होने से पहले परीक्षा कक्ष छोड़ना चाहता है तो वह प्रश्न पत्र भी जमा कर देगा और पर्यवेक्षक की अनुमति से परीक्षा कक्ष छोड़ सकता है।*
10. *परीक्षा खत्म होने तक परीक्षा कक्ष में बैठे रहने वाले अभ्यर्थी अपने साथ प्रश्न पत्र ले जा सकते हैं।*

**निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर का चयन करें** :

1. वह कानूनी आदेश क्या कहलाता है जो किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी अज्ञात पक्ष या पक्षों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने की अनुमति देता है:
   a) एंटोन पिलर आदेश
   b) मरेवा निषेधाज्ञा
   c) जॉन डॉ आदेश
   d) सौदा अभिवाक (प्ली बारगेनिंग)

2. "किसी भी व्यक्ति को अपने माल को किसी अन्य व्यक्ति के माल के रूप में प्रस्तुत करने का कोई अधिकार **नहीं** हो सकता है"। उपर्युक्त कथन निम्नलिखित में से किस सिद्धांत का प्रतिनिधित्व करता है?
   a) व्यापार चिह्न का कमजोर होना (डायलूशन ऑफ ट्रेड मार्क्स)
   b) सामान्य व्यक्ति का सिद्धांत (कॉमन मैंस प्रिंसिपल)
   c) प्रयोग समाप्ति (पासींग ऑफ)
   d) उपेक्षा (नेगलिजेंस)

3. "कोई भी व्यक्ति वस्तुओं के सम्पूर्ण वर्ग पर अनन्य अधिकार या एकाधिकार का दावा **नहीं** कर सकता" यह नियम निम्नलिखित में से किस मामले में निर्धारित किया गया था:
   a) टोयोटा जीडोशा कबूशिकी काइशा बनाम मेसर्स प्रियस ऑटो इंडस्टरीस लिमिटेड
   b) कैडिला हेल्थकेयर लिमिटेड बनाम कैडिला फार्मास्यूटिकल्स
   c) नंदिनी डीलक्स बनाम कर्नाटक सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड.
   d) अमृतधारा फार्मेसी बनाम सत्य देव गुप्ता

4. बीपीआई स्पोर्ट्स एलएलसी बनाम सौरभ गुलाटी और अन्य, माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा तय किया गया एक प्रमुख मामला है जो जो निम्न विषय पर है:
   a) सामान्य प्रयवेक्षक परीक्षण
   b) दुर्भावना पूर्ण आवेदन
   c) व्यापार चिह्न का नवीनीकरण
   d) समनुदेशन और पारेषण (एसाइनमेंट और ट्रांसमिशन)

5. सत्यम इन्फोवे लिमिटेड बनाम सिफीनेट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड निम्नलिखित में से किस मुद्दे पर एक प्रमुख मामला है:
   a) मेटा टेगिंग
   b) प्रसारण संगठन के अधिकार
   c) डोमेन नाम विवाद
   d) साइबर धोखाधड़ी

6. भारत में व्यापार चिह्न रजिस्ट्री का प्रमुख कार्य क्या है?
   a) व्यापार चिह्न का पंजीकरण करना और इसका अभिलेख (रिकॉर्ड) रखना

b) बाजार में व्यापार चिह्न के उपयोग को विनियमित करना
c) व्यापार चिह्न कानून को लागू करना और भारतीय बाजार में विवाद का समाधान करना
d) उपर्युक्त सभी

7. व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 के तहत निम्न में से किसे व्यापार चिह्न के रूप में पंजीकृत **नहीं** किया जा सकता है?
   A. दवाओं के लिए एंटीबायोटिक
   B. प्लास्टिक उत्पाद के लिए पीवीसी
   C. खिलौनों के लिए आम
   D. कपड़े के लिए धागे

   नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन करें:

   a) केवल A, B और D
   b) केवल A, C और D
   c) केवल C
   d) केवल B और C

8. व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 के तहत केंद्र सरकार की शक्तियां निम्न में से क्या हैं?
   A. कन्वेंशन देश के रूप में किसी देश की उद्घोषणा करना
   B. अधिनियम के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए नियम बनाना
   C. जब भी किसी भारतीय नागरिक और किसी विदेशी नागरिक के बीच व्यापार चिह्न विवाद उत्पन्न हो, तो मध्यस्थता करना
   D. रजिस्ट्रार तथा अन्य अधिकारियों को ऐसे पदों पर नियुक्त करना, जिन्हें वह अधिनियम के अंतर्गत रजिस्ट्रार के कार्यों को करने के लिए उचित समझे

   नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन करें:

   a) केवल A, B और C
   b) केवल A, C और D
   c) केवल B, C और D
   d) केवल A, B और D

9. निम्नलिखित में से कौन सा व्यापार चिह्न रजिस्ट्रार द्वारा सुधार की 'स्वप्रेरणा' ('सुओ मोटो) शक्तियों के प्रयोग का सबसे उचित कारण हो सकता है?
   a) रजिस्टर की शुद्धता के हित में
   b) रजिस्ट्रार की सर्वोच्चता स्थापित करना
   c) व्यापार चिह्न स्वत्वधारियों के बीच अनुशासन बनाए रखना
   d) उपर्युक्त सभी

10. व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 के प्रावधानों के अनुसार पंजीकरण द्वारा प्राप्त अनन्य अधिकार किसी विशेष वस्तु या सेवा के लिए समरूप या लगभग मिलते-जुलते व्यापार चिह्न के पूर्व उपयोगकर्ताओं के अधिकारों के विरुद्ध कार्य **नहीं** कर सकता। इस सुरक्षा के लिए आवश्यक शर्तें हैं:

A. चिह्न का उपयोग पंजीकृत व्यापार चिह्न के उपयोग से पहले की तारीख से या उसके पंजीकरण की तारीख से जो भी पहले हो, किया जाना चाहिए

B. पूर्व उपयोग दावा स्वत्वधारी द्वारा स्वयं या उसके पूर्ववर्ती शीर्षक (प्रीडेसेसर इन टाइटल) द्वारा किया जाना चाहिए

C. दावा, निरंतर उपयोग का होना चाहिए

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन करें:

a) केवल A और C

b) केवल A और B

c) A, B और C

d) केवल B और C

11. निम्न में से कौन व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 के तहत सही मिलान **नहीं** है:

a) धारा 9 – व्यापार चिह्न के पंजीकरण के अस्वीकरण का आधार

b) धारा 19 – रजिस्टर में परिशोधन की प्रक्रिया

c) धारा 21 – विरोध की सूचना दाखिल करने की प्रक्रिया

d) धारा 71 – अधिप्रमाणिक व्यापार चिह्न के पंजीकरण हेतु आवेदन

12. व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 के तहत कौन सा सही मिलान है:

A. टीएम-A – संग्रहीत चिह्न के पंजीकरण के लिए आवेदन

B. टीएम -O – विरोध की सूचना

C. टीएम -R – परिशुद्धि हेतु आवेदन

D. टीएम -M –सुविख्यात (वेल नॉन) व्यापार चिह्न हेतु आवेदन

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन करें:

a) केवल B और C

b) केवल A और D

c) केवल A, B और D

d) केवल B, C और D

13. व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 के तहत विरोध की सूचना दाखिल करने के संबंध में निम्न में से कौन सा कथन सही है?
   a) ट्रेडमार्क जर्नल में व्यापार चिह्न के विज्ञापन की तारीख से छह महीने के भीतर विरोध की सूचना दाखिल की जा सकती है
   b) ट्रेडमार्क जर्नल में व्यापार चिह्न के विज्ञापन की तारीख से चार महीने के भीतर विरोध की सूचना दाखिल की जानी चाहिए
   c) विरोध की सूचना उचित क्षेत्राधिकार वाले उच्च न्यायालय के समक्ष दाखिल की जाती है
   d) विरोध की सूचना केवल मौजूदा व्यापार चिह्न के पंजीकृत स्वत्वधारी द्वारा ही दाखिल की जा सकती है

14. कानून के अनुसार व्यापार चिह्न रजिस्ट्रार के समक्ष कार्यवाही में एजेंट के रूप में कार्य करने के लिए एक वकील की नियुक्ति हेतु अनिवार्य आवश्यकता क्या है?
   A. व्यापार चिह्न स्वत्वधारी द्वारा एजेंट को लिखित प्राधिकार
   B. व्यापार चिह्न स्वत्वधारी द्वारा एजेंट के रूप में कार्य करने के लिए लागू स्टाम्प शुल्क के भुगतान के साथ लिखित प्राधिकार
   C. व्यापार चिह्न स्वत्वधारी द्वारा अधिवक्ता को मौखिक संवाद
   D. व्यापार चिह्न स्वत्वधारी द्वारा व्यापार चिह्न रजिस्ट्री को भेजा गया हस्ताक्षरित सहमति पत्र
   E. सीजीपीडीटीएम कार्यालय को सीधे भुगतान किए गए निर्धारित शुल्क के साथ सहमति पत्र

   नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन करें:

   a) केवल A
   b) केवल B
   c) केवल A, C और E
   d) केवल B, C और D

15. निम्न में से क्या व्यापार चिह्न एजेंट का एक उत्तरदायित्व **नहीं** है?
   a) यह सुनिश्चित करना कि व्यापार चिह्न आवेदन कानूनी अपेक्षाओं को पूरा करते हैं
   b) विरोध प्रक्रिया के दौरान व्यापार चिह्न स्वत्वधारी का प्रतिनिधित्व करना
   c) अपने ग्राहक के समर्थन में व्यापार चिह्न रजिस्ट्री से निश्चित (गारंटिड) निर्णय
   d) कार्यालय कार्रवाई के जवाब में आवश्यक दस्तावेज दाखिल करना

16. क्या एक व्यापार चिह्न एजेंट एक ही समय में एकाधिक व्यापार चिह्न स्वत्वधारी की ओर से कार्य कर सकता है?
   a) नहीं, उन्हें एक समय में केवल एक ही व्यापार चिह्न स्वत्वधारी का प्रतिनिधित्व करना चाहिए
   b) हाँ, अन्य ग्राहकों की सहमति से
   c) हाँ, जब तक हितों का टकराव न हो
   d) नहीं, व्यापार चिह्न एजेंट के लिए कई ग्राहकों का प्रतिनिधित्व करना अवैध है

17. क्या कोई व्यापार चिह्न एजेंट वह आवेदन दाखिल कर सकता है जिसे स्वत्वधारी ने अनुमोदित **नहीं** किया है?
    a) हाँ, यदि एजेंट को लगता है कि यह सफल होगा
    b) नहीं, एजेंट केवल स्वत्वधारी के स्पष्ट निर्देशों पर ही कार्य कर सकता है
    c) हाँ, यदि एजेंट के पास अपने स्वयं के बाध्यकारी कारण हैं
    d) नहीं, जब तक कि एजेंट के पास व्यापार चिह्न कार्यालय से लिखित प्राधिकार न हो

18. क्या भारत में व्यापार चिह्न आवेदन दाखिल किया जा सकता है यदि व्यापार चिह्न अभी तक उपयोग में **नहीं** है?

    A) नहीं, आवेदन करने से पहले व्यापार चिह्न उपयोग में होना चाहिए
    B) हाँ, जब तक आवेदक भविष्य में इसका उपयोग करने का इरादा रखता है
    C) हाँ, केवल उन मामलों में जहाँ आवेदक एक विदेशी कंपनी है
    D) नहीं, व्यापार चिह्न केवल तभी पंजीकृत होते हैं जब वे पहले से ही भारतीय बाजार में हों या निर्यात के लिए उपलब्ध हों

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन करें:

a) केवल A
b) केवल B
c) A, और C
d) केवल B, C और D

19. संग्रहीत चिह्न के बारे में निम्न में से क्या **सत्य** है?
    a) संग्रहीत चिह्न का स्वत्वधिकार किसी व्यक्ति या कंपनी या संघ या व्यक्तियों के समूह के पास हो सकता है
    b) संग्रहीत चिह्न का स्वत्वधिकार केवल सरकारी निकाय के पास हो सकता है
    c) संग्रहीत चिह्न का स्वत्वधिकार व्यक्तियों के संघ के पास हो सकता है, जो भागीदार फर्म नहीं है
    d) संग्रहीत चिह्न का स्वत्वधिकार व्यक्तियों के संघ के पक्ष में इसके प्रारंभिक पंजीकरण के बाद ही किसी व्यक्ति को सौंपा जा सकता है

20. व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 के तहत मेड्रिड आवेदन (IAOI) दाखिल करने के लिए न्यूनतम अपेक्षा क्या है?
    a) व्यापार चिह्न का इस्तेमाल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होना चाहिए
    b) आवेदक भारत का नागरिक होना चाहिए, भारत में उसका कोई व्यवसाय या वाणिज्यिक प्रतिष्ठान होना चाहिए
    c) व्यापार चिह्न कम से कम दो देशों में पंजीकृत होना चाहिए
    d) आवेदक एक विदेशी संस्था होनी चाहिए

21. निम्नलिखित में से कौन सा चिह्न भारत में व्यापार चिह्न के रूप में पंजीकरण के लिए निषिद्ध है?

A. बालाजी

B. छत्रपती शाहूजी महाराज

C. नेहरू

D. छत्रपती शिवाजी महाराज

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन करें:

a) केवल A, B और D

b) केवल A, C और D

c) केवल D

d) उपर्युक्त सभी

22. निम्न का मिलान नीस (NICE) वर्गीकरण के अनुसार करें:

| | कॉलम – I | : | कॉलम II |
|---|---|---|---|
| A. | वर्ग – 44 | : | i. कपड़े |
| B. | वर्ग – 25 | : | ii. फर्नीचर |
| C. | वर्ग – 20 | : | iii. चिकित्सा सेवाएं |
| D. | वर्ग – 05 | : | iv. शिशु आहार |
| E. | वर्ग – 30 | : | v. चावल |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन करें:

a) A:i, B:ii, C:iv, D:iii और E:v

b) A:iv, B:ii, C:iii, D:v और E:i

c) A:iii, B:i, C:ii, D:iv और E:v

d) A:i, B:ii, C:iv , D:v और E:iii

23. व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 के तहत सुविख्यात व्यापार चिह्न के संबंध में निम्न में से कौन सा कथन सही है?

a) कोई सुविख्यात चिह्न भारत में तभी संरक्षित होता है जब वह भारतीय व्यापार चिह्न रजिस्ट्री में व्यापार चिह्न के रूप में पंजीकृत हो

b) कोई सुविख्यात चिह्न भारत में पंजीकृत न होने पर भी संरक्षित होता है, बशर्ते कि वह जनता के संबंधित वर्ग को अच्छी तरह से ज्ञात हो

c) सुविख्यात चिह्न भारतीय कानून के तहत तब तक संरक्षित नहीं होते जब तक कि उनका उपयोग विशेष रूप से भारत में न किया जाए
d) सुविख्यात चिह्नों को केवल तभी संरक्षित किया जा सकता है, जब उनका उपयोग भारत में 5 वर्ष से अधिक समय तक किया गया हो

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन करें:

a) केवल A
b) केवल B
c) केवल C और D
d) उपर्युक्त सभी

24. निम्नलिखित में से किस कानून द्वारा, प्रभावी रूप में, व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 में संशोधन किया गया और 'बौद्धिक संपदा अपीलीय बोर्ड' के स्थान पर 'उच्च न्यायालय' को प्रथम अपीलीय न्यायालय बनाया गया?

a) बौद्धिक संपदा उन्मूलन अधिनियम, 2021
b) अधिकरण ( ट्रिब्यूनल ) सुधार अधिनियम, 2021
c) व्यापार चिह्न (संशोधन) अधिनियम, 2021
d) जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) अधिनियम, 2023

25. अंतरराष्ट्रीय गैर-स्वामित्व (INN) नाम किसके द्वारा घोषित किया जाता है:

a) वायपो
b) डब्ल्यूएचओ
c) यूनिसेफ
d) यूनेस्को

26. औद्योगिक संपदा के संरक्षण के लिए पेरिस कन्वेंशन का कौन सा प्रावधान राज्य के शस्त्रागार, ध्वजों और अन्य राज्य प्रतीकों के संरक्षण से संबंधित है:

a) अनुच्छेद 6 *bis*
b) अनुच्छेद 5 *bis*
c) अनुच्छेद 5 *ter*
d) अनुच्छेद 6 *ter*

27. औद्योगिक संपदा के संरक्षण के लिए पेरिस कन्वेंशन का कौन सा प्रावधान सुविख्यात चिह्नों से संबंधित है:

a) अनुच्छेद 6 *bis*
b) अनुच्छेद 6 *ter*
c) अनुच्छेद 5 *bis*
d) अनुच्छेद 5 *ter*

28. व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 की धारा 9 की उप धारा (1) के खंड (क) और (ग) के प्रावधान निम्न में से किस पर लागू **नहीं** होते हैं:

a) ध्वनि चिह्न
b) संग्रहीत चिह्न
c) आकार चिह्न
d) अधिप्रमाणिक व्यापार चिह्न

29. एक वर्ग (ऑनलाइन) में ट्रेड मार्क के लिए आवेदन दाखिल करने का शुल्क क्या है?

a) व्यक्ति/ स्टार्ट अप / लघु उद्यम के लिए ₹ 3,000 और अन्य के लिए ₹ 6,000
b) व्यक्ति/ स्टार्ट अप / लघु उद्यम के लिए ₹ 5,000 और अन्य के लिए ₹ 10,000
c) व्यक्ति/ स्टार्ट अप / लघु उद्यम के लिए ₹ 4,500 और अन्य के लिए ₹ 9,000
d) व्यक्ति/ स्टार्ट अप / लघु उद्यम के लिए ₹ 10,000 और अन्य के लिए ₹ 20,000

30. व्यक्ति/ स्टार्ट अप / लघु उद्यम द्वारा व्यापार चिह्न (ऑनलाइन) की त्वरित कार्रवाई के लिए फॉर्म टीएम–एम अनुरोध दाखिल करने का शुल्क क्या है?

a) ₹ 18000/-
b) ₹ 20000/-
c) ₹ 40000/-
d) मूल आवेदन पत्र के शुल्क के समान

31. व्यापार चिह्न की त्वरित निपटान के लिए फॉर्म टीएम-एम पर आवेदक के अनुरोध से कौन सी कार्यवाही त्वरित **नहीं** होती है?

a) परीक्षण
b) परीक्षण रिपोर्ट के उत्तर पर विचार
c) विरोध कार्रवाई
d) पंजीकरण पश्चात समनुदेशन हेतु अनुरोध

32. रजिस्ट्रार के निर्णय के विरुद्ध अपील दाखिल करने की समय सीमा क्या है?

a) 1 माह
b) 2 माह
c) 3 माह
d) 6 माह

33. रजिस्ट्रार के निर्णय के विरुद्ध पुनर्विलोकन दाखिल करने की समय सीमा क्या है?

a) 1 माह

b) 1 माह जिसे और 1 माह तक बढ़ाया जा सकता है

c) 3 माह

d) 4 माह

34. व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 में किस संशोधन के माध्यम से मैड्रिड प्रोटोकॉल भारत में लागू किया गया था?

a) व्यापार चिह्न (संशोधन) अधिनियम, 2010

b) व्यापार चिह्न (संशोधन) अधिनियम, 2017

c) व्यापार चिह्न (संशोधन) अधिनियम, 2019

d) व्यापार चिह्न (संशोधन) अधिनियम, 2015

35. भारतीय व्यापार चिह्न कानून निम्नलिखित में से किस चिह्न के पंजीकरण का प्रावधान **नहीं** करता है?

a) ध्वनि चिह्न

b) सुगंध चिह्न

c) आकार चिह्न

d) प्रतीक (डिवाइस) या लेबेल

36. 'भौगोलिक उपदर्शन' शब्द का प्रयोग इसके लिए किया जा सकता है:

a) कृषि माल

b) प्राकृतिक माल

c) विनिर्मित माल

d) उपर्युक्त सभी

37. भौगोलिक उपदर्शन टैग पाने वाला पहला भारतीय माल कौन सा था?

a) अरांमुला कन्नाडी

b) मधुबनी चित्रकारी

c) कतरनी चावल

d) दार्जिलिंग चाय

38. जीआई टैग प्राप्त करने का निम्नलिखित में से कौन सा लाभ है

i. इससे उपभोक्ताओं को वांछित गुणों वाले गुणवत्तापूर्ण माल प्राप्त करने में मदद मिलती है

ii. उत्पादों को कानूनी संरक्षण

iii. जीआई टैग वाले मालो के उत्पादकों की आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा मिलता है

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन करें:

a) केवल i और ii

b) केवल i और iii

c) केवल ii

d) i, ii और iii सभी

39. निम्नलिखित में से किस प्रकार के बौद्धिक संपदा अधिकार के संबंध में समनुदेशन पर वैधानिक प्रतिबंध मौजूद है?

a) प्रतिलिप्याधिकार

b) एकस्व

c) व्यापार चिह्न

d) भौगोलिक उपदर्शन

40. भारत में व्यापार चिह्न संरक्षण के लिए किस प्रकार की कानूनी सुरक्षा उपलब्ध है?

a) वैधानिक सुरक्षा

b) सामान्य कानून सुरक्षा

c) a & b दोनों

d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

41. प्रयोग समाप्ति (पासींग ऑफ) की कार्रवाई:

a) वैधानिक उपचार

b) कॉमन लॉ उपचार

c) प्रशासनिक उपचार

d) कोई कानूनी सहायता नहीं है

42. 'व्यापार अभिवर्णन का अर्थ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई विवरण, कथन या अन्य संकेत **नहीं** है:

a) व्यापार में सामान्य रूप से प्रयुक्त या मान्यता प्राप्त वर्गीकरण के अनुसार किसी भी वस्तु या सेवा की गुणवत्ता के मानक के रूप में

b) किसी भी वस्तु के निर्माण या उत्पादन या सेवा प्रदान करने के तरीके के रूप में

c) वस्तु के उपयोगकर्ता या सेवा प्राप्त करने वाले व्यक्ति की पहचान के रूप में

d) किसी भी वस्तु के मौजूदा एकस्व, विशेषाधिकार या प्रतिलिप्याधिकार के अधीन होने के रूप में

43. व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 के तहत पंजीकृत व्यापार चिह्न के परिवर्तन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन **सत्य** है?

a) बिना किसी औपचारिक प्रक्रिया के स्वतंत्र रूप से परिवर्तन किया जा सकता है
b) व्यापार चिह्न रजिस्ट्रार के समक्ष निर्धारित प्रपत्र पर परिवर्तन अनुरोध दाखिल किया जाना चाहिए
c) केवल न्यायालय के आदेश के माध्यम से परिवर्तन किया जा सकता है
d) केवल केंद्र सरकार के माध्यम से ही परिवर्तन संभव है

44. क्या व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 के तहत अभिप्रमाणन चिह्न सौंपा या समनुदेशित किया जा सकता है?

a) हाँ, इसे बिना किसी औपचारिक प्रक्रिया के किसी भी इकाई को स्वतंत्र रूप से सौंपा या समनुदेशित किया जा सकता है
b) नहीं, अभिप्रमाणन व्यापार चिह्न का समनुदेशन कानून द्वारा निषिद्ध है
c) हाँ, लेकिन केवल निर्धारित प्रपत्र पर अनुरोध करने पर और रजिस्ट्रार की सहमति से
d) हाँ, लेकिन केवल तभी जब समनुदेशित एक सरकारी एजेंसी हो

45. व्यापार चिह्न रजिस्ट्रार के समक्ष कार्यवाही में आवेदक द्वारा उचित रूप से स्टाम्प की गई पावर ऑफ अथॉरिटी (पीओए) के माध्यम से किसे एजेंट के रूप में नियुक्त किया जा सकता है

A. किसी भी विषय में स्नातकोत्तर डिग्री वाला कोई भी व्यक्ति
B. एक कानूनी व्यवसायी या पंजीकृत व्यापार चिह्न एजेंट
C. प्रिंसिपल के एकमात्र और नियमित रोजगार में एक व्यक्ति
D. एक पंजीकृत व्यापार चिह्न परीक्षक

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन करें :

a) केवल A, B और C
b) केवल B, C और D
c) केवल B और C
d) उपर्युक्त सभी

46. व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 के तहत व्यापार चिह्न के समनुदेशन या पारेषण के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

a) यह लिखित समझौते द्वारा होना चाहिए जिस पर विधिवत मुहर लगी हो और जो वैध प्रतिफल के लिए हो
b) यह केवल व्यापार चिह्न से संबंधित व्यवसाय के हस्तांतरण के साथ ही किया जा सकता है
c) यह पंजीकरण की समाप्ति के बाद ही किया जा सकता है
d) पारेषण बिना किसी कानूनी औपचारिकता के हो सकता है

47. मैड्रिड आवेदन (IAOI) को वायपो तक भेजने के लिए भारतीय रजिस्ट्री द्वारा लिया जाने वाला हैंडलिंग शुल्क क्या है?

a) ₹ 4000/-

b) ₹ 5000/-

c) ₹ 6000/-

d) ₹ 10000/-

48. नीस (NICE) वर्गीकरण के अनुसार 'शिशु के डायपर' किस वर्ग के तहत आती है?

a) वर्ग 05

b) वर्ग 10

c) वर्ग 24

d) वर्ग 25

49. नीस (NICE) वर्गीकरण के अनुसार 'औद्योगिक रोबॉट्स' किस वर्ग में आती है?

a) वर्ग 07

b) वर्ग 08

c) वर्ग 09

d) वर्ग 10

50. किसी व्यापार चिह्न को सुविख्यात व्यापार चिह्न के रूप में निर्धारित करने से पहले रजिस्ट्रार आम जनता से आपत्तियां आमंत्रित कर सकता है, जिन्हें निम्नलिखित समय-सीमा के भीतर दाखिल किया जाना अपेक्षित है:

a) आपत्ति आमंत्रित करने की तारीख से 30 दिन

b) आपत्ति आमंत्रित करने की तारीख से 45 दिन

c) आपत्ति आमंत्रित करने की तारीख से 60 दिन

d) आपत्ति आमंत्रित करने की तारीख से 90 दिन

51. किसी पंजीकृत व्यापार चिह्न का उस व्यापार चिह्न के किसी भी विज्ञापन द्वारा उल्लंघन किया जाता है यदि ऐसा विज्ञापन:

A) अनुचित लाभ उठाता है और औद्योगिक या वाणिज्यिक मामलों में ईमानदार प्रथाओं के विपरीत है

B) उसके विशिष्ट चरित्र के लिए हानिकारक है

C) व्यापार चिह्न की प्रतिष्ठा के विरुद्ध है

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन करें:

a) केवल A

b) केवल B

c) केवल C

d) उपर्युक्त सभी

52. केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली के आवेदकों के लिए व्यापार चिह्न रजिस्ट्री का उपयुक्त कार्यालय कौन सा है?

a) मुंबई

b) चेन्नई

c) अहमदाबाद

d) कोलकाता

53. हिंदू अविभाजित परिवार द्वारा व्यापार चिह्न दाखिल करने के लिए निर्धारित आवेदन शुल्क क्या है (ऑफलाइन)**?**

a) ₹ 4500/-

b) ₹ 5000/-

c) ₹ 9500/-

d) ₹ 10000/-

54. निम्नलिखित भौगोलिक उपदर्शन का मिलान सम्बंधित जीआई टैग से करें:

| | कॉलम – I | : | कॉलम II |
|---|---|---|---|
| A. | कोयंबटूर | : | i. कढ़ाई |
| B. | कच्छ | : | ii. संतरा |
| C. | कुर्ग | : | iii. चाय |
| D. | कांगरा | : | iv. वेट ग्राइन्डर |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन करें:

a) A:i, B:ii, C:iv, D:iii

b) A:iv, B:ii, C:iii, D:i

c) A:iii, B:i, C:ii, D:iv

d) A:iv, B:i, C:ii, D:iii

55. व्यापार चिह्न नियम, 2017 के किस नियम के तहत व्यापार चिह्न रजिस्ट्रार प्रतिलिप्यधिकार अधिनियम, 1957 की धारा 45 की उपधारा (1) के तहत खोज प्रमाणपत्र जारी करता है?

a) नियम 18

b) नियम 20

c) नियम 21

d) नियम 22

56. निम्न में से कौन संग्रहीत व्यापार चिह्न का एक उदाहरण हो सकता है?

a) एक कंपनी द्वारा उपयोग किया जाने वाला लोगो
b) एक अभिप्रमाणन चिह्न
c) किसानों के एक संगठन द्वारा उपयोग किया जाने वाला चिह्न
d) एक व्यक्ति का नाम

57. व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 की धारा 57 मुख्यतः किससे संबंधित है?

a) व्यापार चिह्न की पंजीकरण प्रक्रिया
b) व्यापार चिह्न उल्लंघन के लिए दंड
c) उच्च न्यायालय या रजिस्ट्रार की पंजीकरण रद्द करने की शक्ति
d) उपर्युक्त सभी

58. व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 की धारा 45 का महत्व क्या है?

a) यह सेवा चिह्न का पंजीकरण प्रदान करता है
b) यह व्यापार चिह्न अतिलंघन के लिए दंड निर्धारित करता है
c) यह व्यापार चिह्न के निरस्तीकरण की प्रक्रिया निर्दिष्ट करता है
d) पंजीकृत व्यापार चिह्न के समनुदेशन और पारेषण से संबंधित है

59. व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 के तहत व्यापार चिह्न आवेदन दाखिल करने की तारीख का क्या महत्व है?

a) यह व्यापार चिह्न आवेदनों की प्राथमिकता निर्धारित करने में मदद करता है
b) यह पंजीकरण प्रक्रिया के लिए अप्रासंगिक है
c) इसका उपयोग पंजीकरण शुल्क की गणना करने के लिए किया जाता है
d) यह वह तारीख है जब व्यापार चिह्न को ट्रेडमार्क जर्नल में प्रकाशित किया जाता है

60. व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 के तहत, निम्नलिखित में से कौन सा वर्तमान में व्यापार चिह्न को नवीनीकृत करने के लिए आवश्यक **नहीं** है?

a) व्यापार चिह्न का उपयोग किया जा रहा हो
b) नवीनीकरण आवेदन निर्धारित प्रपत्र में दाखिल किया जाना चाहिए
c) निर्धारित शुल्क का भुगतान किया जाना चाहिए
d) व्यापार चिह्न वैध और अस्तित्व में होना चाहिए

61. जहां पहले पंजीकृत व्यापार चिह्न के स्वत्वधारी को यह पता है कि उसका प्रतिस्पर्धी एक समरूप व्यापार चिह्न का उपयोग कर रहा है, वह एक दशक तक इस तथ्य की अनदेखी करता है तत्पश्चात, उसके बाद के व्यापार चिह्न के उपयोग का विरोध करने का निर्णय लेता है, तो उसका मामला निम्नलिखित द्वारा वर्जित किया जाएगा:
   a) रेस-सब-जुडिस का सिद्धांत
   b) रेस-जुडिकाटा का सिद्धांत
   c) अर्जन (एक्विजेंस) का सिद्धांत
   d) सार और तत्व (पिथ और सबस्टेंस) का सिद्धांत

62. कोई व्यक्ति किसी व्यापार चिह्न पर अधिकार प्राप्त कर सकता है:
   a) किसी विशेष वस्तु के संबंध में व्यापार चिह्न का उपयोग करके
   b) व्यापार चिह्न के पंजीकरण द्वारा
   c) किसी अन्य व्यक्ति से व्यापार चिह्न समनुदेशित करके या पारेषण करके
   d) उपर्युक्त सभी

63. व्यापार चिह्न नियम, 2017 के नियम 122 के तहत किसी दस्तावेज की प्रमाणित प्रति, व्यापार चिह्न रजिस्ट्रार से किस निर्धारित फॉर्म पर आवेदन करके प्राप्त की जा सकती है?
   a) टीएम -C
   b) टीएम -R
   c) टीएम -M
   d) टीएम -U

64. व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 के अनुसार निम्न में से कौन सा कथन सही है?
   a) व्यापार चिह्न को व्यापार चिह्न आवेदन की तारीख से पंजीकृत माना जाता है
   b) व्यापार चिह्न को वास्तविक पंजीकरण की तारीख से पंजीकृत माना जाता है
   c) a & b दोनों
   d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

65. तामेंगलोंग ऑरेंज नामक उत्पाद का भौगोलिक उपदर्शन टैग भारत के किस राज्य से जुड़ा हुआ है?
   a) नागालैंड
   b) मणिपुर
   c) राजस्थान
   d) उत्तर प्रदेश

66. किसी फिल्म के सीक्वल (सिनेमैटोग्राफ फिल्म) का नाम संरक्षित किया जा सकता है:

a) एकस्व
b) डिजाइन
c) व्यापार चिह्न
d) प्रतिलिप्याधिकार

67. माल के भौगोलिक उपदर्शन (पंजीकरण और संरक्षण) अधिनियम, 1999 के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन **सत्य** है?

a) जीआई अधिनियम केवल कृषि माल की सुरक्षा करता है।
b) जीआई टैग माल और सेवाओं दोनों के लिए प्राप्त किया जा सकता है।
c) जीआई अधिनियम जीआई के अनधिकृत उपयोग के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करता है।
d) जीआई अधिनियम केवल भारत में निर्मित माल पर लागू होता है।

68. समानार्थी (होमोनिमस) भौगोलिक उपदर्शन क्या है?

a) एक भौगोलिक उपदर्शन जो एक क्षेत्र के लिए अनूठा (युनीक) है।
b) एक भौगोलिक उपदर्शन जो एक ही नाम साझा करते हैं, लेकिन विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों को नामित करते हैं।
c) एक भौगोलिक उपदर्शन जिसे कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त नहीं है।
d) एक भौगोलिक उपदर्शन जो केवल कृषि मालों पर लागू होता है।

69. भारत में भौगोलिक उपदर्शन के अधिकृत उपयोगकर्ता के लिए आवेदन करने हेतु वर्तमान में निर्धारित शुल्क क्या है?

a) ₹ 100
b) ₹ 500
c) ₹ 10
d) ₹ 1000

70. व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 के तहत “पारेषण” (ट्रांसमिशन) का क्या अर्थ है?

a) मृत व्यक्ति के निजी प्रतिनिधि पर न्यागमन (डीवोल्यूशन)
b) विधि के संचालन द्वारा हस्तांतरण
c) हस्तांतरण का कोई अन्य तरीका, जो समनुदेशन नहीं है
d) उपर्युक्त सभी

71. व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 के तहत धारा 10 किससे संबंधित है?
   a) व्यापार चिह्न की अवधि पर परिसीमा
   b) व्यापार चिह्न में रंगों पर परिसीमा
   c) कंपनी के नाम पर परिसीमा
   d) व्यापार विवरण पर परिसीमा

72. व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 की धारा 59 के तहत रजिस्ट्रार की शक्तियां क्या हैं?
   a) बिना सूचना के निविष्टि (एंट्री) हटाना
   b) पंजीकृत व्यापार चिह्न में परिवर्तन करना
   c) नए व्यापार चिह्न वर्ग बनाना
   d) व्यापार चिह्न के समनुदेशन को रिकॉर्ड करना

73. किसी व्यापार चिह्न को सुविख्यात व्यापार चिह्न के रूप में निर्धारित करते समय रजिस्ट्रार को किस कारक पर विचार करना चाहिए?
   a) व्यापार चिह्न कितने वर्षों से अस्तित्व में है
   b) व्यापार चिह्न के उपयोग का भौगोलिक क्षेत्र
   c) व्यापार चिह्न के प्रचार का स्तर
   d) उपर्युक्त सभी

74. व्यापार चिह्न नियम, 2017 कब से लागू हुए?
   a) जनवरी 1, 2017
   b) मार्च 6, 2017
   c) अप्रैल 10, 2017
   d) जुलाई 1, 2017

75. व्यापार चिह्न नियम, 2017 के नियम 10 के अनुसार, जहां किसी दस्तावेज को दाखिल करने के संबंध में शुल्क देय है और वहां दस्तावेज बिना शुल्क के या अपर्याप्त शुल्क के साथ दाखिल किया जाता है, तो परिणाम इस प्रकार होगा:
   a) इसे फाइलिंग काउंटर द्वारा स्वचालित रूप से स्वीकार कर लिया जाता है
   b) इसे दाखिल किया हुआ लेकिन लंबित माना जाता है
   c) इसे दाखिल नहीं किया गया माना जाता है
   d) इसे रोक कर रखा जाता है

76. मैड्रिड प्रोटोकॉल के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय आवेदन (IAOI) की अंतर्वस्तु (कंटेन्ट) को प्रमाणित करने के लिए कौन अधिकृत है?

a) केंद्र सरकार

b) रजिस्ट्रार, व्यापार चिह्न

c) एक पंजीकृत व्यापार चिह्न एजेंट

d) वायपो

77. व्यापार चिह्न के लिए आवेदक को उपयोगकर्ता का विवरण कब देना आवश्यक होता है?

a) केवल पंजीकरण के बाद

b) केवल विरोध कार्रवाई के दौरान

c) आवेदन दाखिल करते समय, जब तक कि व्यापार चिह्न का उपयोग करने का प्रस्ताव न हो

d) इसकी कोई आवश्यकता नहीं है

78. रजिस्ट्रार द्वारा व्यापार चिह्न पंजीकरण का प्रमाण पत्र जारी करने के लिए किस फॉर्म का उपयोग किया जाता है?

a) फॉर्म आरजी -2

b) फॉर्म टीएम-P

c) फॉर्म टीएम -R

d) फॉर्म टीएम -M

79. व्यापार चिह्न नियम, 2017 के नियम 68 के तहत रजिस्ट्रार को अंतरराष्ट्रीय व्यापार चिह्न विवरण को एक रिकॉर्ड में दर्ज करना आवश्यक है जिसे निम्न के रूप में जाना जाता है:

a) अंतरराष्ट्रीय आवेदनों की रजिस्ट्री

b) विदेशी व्यापार चिह्नों का रजिस्टर

c) अंतरराष्ट्रीय पंजीकरण के विवरण का अभिलेख

d) व्यापार चिह्न का राष्ट्रीय अभिलेख

80. व्यापार चिह्न नियम, 2017 के नियम 50 के अनुसार, यदि किसी स्थगित तिथि पर आवेदक न तो विरोधी कार्यवाही में निर्धारित सुनवाई के लिए उपस्थित होता है और न ही कोई स्थगन अनुरोध या लिखित बहस दाखिल करता है, तो क्या होगा?

a) विरोध को बर्खास्त किया जा सकता है

b) आवेदन को परित्यक्त माना जाएगा

c) विरोध को स्वतः ही वापस लिया गया मान लिया जाएगा

d) आवेदन को वापस लिया गया मान लिया जाएगा

81. जहां किसी व्यापार चिह्न के पंजीकरण के लिए आवेदन किया जाता है, जो असत्य तरीके से किसी ऐसे व्यक्ति के साथ संबंध का सुझाव देता है जिसकी मृत्यु 20 दिसंबर 2024 को हुई थी, तो रजिस्ट्रार:

a) अपने स्वविवेक से व्यापार चिह्न पंजीकृत कर सकता है

b) आवेदक से मृत व्यक्ति के विधिक प्रतिनिधि की लिखित सहमति प्रस्तुत करने की मांग कर सकता है

c) बिना किसी अतिरिक्त औपचारिकता के व्यापार चिह्न पंजीकृत कर सकता है क्योंकि वह रजिस्टर का एकमात्र अभिरक्षक है

d) a और c दोनों

82. यदि मैड्रिड प्रणाली के माध्यम से भारत को नामित करते हुए कोई संग्रहीत या अधिप्रमाणिक व्यापार चिह्न अंतर्राष्ट्रीय पंजीकरण प्राप्त होता है, तो एक माह के भीतर क्या प्रस्तुत किया जाना चाहिए?

a) चिह्न के उपयोग को नियंत्रित करने वाले विनियम

b) धारक (होल्डर) से विशेष अनुरोध पत्र

c) वायपो की ओर से एक विशेष अनुशंसा

d) b और c दोनों

83. त्रिआयामी व्यापार चिह्न आवेदन  जमा करने के लिए आवश्यकताओं में से एक क्या है?

a) व्यापार चिह्न का एकल दृश्य

b) व्यापार चिह्न के तीन पृथक दृश्य

c) जहां रजिस्ट्रार का मानना है कि आवेदक द्वारा प्रस्तुत व्यापार चिह्न का पुनरुत्पादन, त्रिआयामी व्यापार चिह्न के विवरण को पर्याप्त रूप से प्रदर्शित नहीं करता है, तो वह आवेदक से व्यापार चिह्न के पांच पृथक दृश्य तथा व्यापार चिह्न का शब्दों में वर्णन प्रस्तुत करने के लिए कह सकता है।

d) b और c दोनों

84. यदि कोई अंतरराष्ट्रीय आवेदन फॉर्म एमएम2 (MM2) में सभी आवश्यक विवरणों के बिना प्राप्त होता है, तो वायपो का अंतरराष्ट्रीय ब्यूरो क्या करेगा?

a) इसे तुरंत अस्वीकार कर देगा

b) सशर्त स्वीकार करेगा

c) आवेदक को वापस कर देगा

d) इस संबंध में अनियमितता अधिसूचना जारी करेगा

85. यदि आवेदक उद्गम कार्यालय के समक्ष मैड्रिड प्रोटोकॉल के तहत लागू किए गए चिह्न में रंग को एक विशिष्ट विशेषता के रूप में दावा करता है तो इसमें क्या शामिल किया जाना चाहिए?

a) प्रोटोटाइप के साथ अनुलग्नक के रूप में चिह्न का रंगीन छायाचित्र (फोटोग्राफ)

b) किसी रंग या रंगों के संयोजन का शब्दों द्वारा वर्णन

c) उद्गम कार्यालय (ऑफिस ऑफ ऑरिजन) से हस्ताक्षरित घोषणा

d) प्रत्येक रंग के लिए एक अलग आवेदन

86. मैड्रिड प्रोटोकॉल के तहत विनियमनों का नियम 21 किससे संबंधित है?

a) अंतरराष्ट्रीय पंजीकरण का नवीकरण
b) पंजीकरण शुल्क का समनुदेशन
c) उत्तरवर्ती नियुक्ति (सबसिकुएंट डेज़ीग्नेशन)
d) राष्ट्रीय या क्षेत्रीय पंजीकरण को अंतर्राष्ट्रीय पंजीकरण द्वारा प्रतिस्थापित करना

87. व्यापार चिह्न अधिनियम,1999 के तहत "माल" शब्द का क्या अर्थ है?

a) ठोस रूप में कोई भी वस्तु
b) कोई भी वस्तु जो व्यापार या विनिर्माण का विषय है
c) प्रदान की गई कोई भी सेवा
d) b और c दोनों

88. किस परिदृश्य में भौगोलिक उद्गम वाले व्यापार चिह्न को पंजीकृत किया जा सकता है?

a) यदि इसके उपयोग के परिणामस्वरूप इसने एक सुभिन्न प्रकृति अर्जित कर ली है
b) यदि यह पहले से ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पंजीकृत है
c) यदि इसका उपयोग सामान्यतः व्यापार में किया जा रहा है
d) यदि यह किसी सुविख्यात क्षेत्र का नाम है

89. निम्नलिखित में से कौन सा कार्य पंजीकृत व्यापार चिह्न का अतिलंघन **नहीं** माना जाता है

a) बिना अनुमति के पंजीकृत व्यापार चिह्न वाले माल का आयात करना
b) विज्ञापन के लिए व्यापार चिह्न का उपयोग करना, बशर्ते वह ईमानदार और निष्पक्ष हो
c) बिना प्राधिकार (ऑथराइजेशन) के माल की पैकेजिंग पर व्यापार चिह्न लगाना
d) समरूप माल के संबंध में भ्रामक रूप से समान चिह्न का उपयोग करना

90. व्यापार चिह्न अधिनियम के संदर्भ में, "अनुज्ञेय उपयोग" शब्द का तात्पर्य है:

a) शैक्षणिक संस्थानों द्वारा स्वत्वधारी की सहमति के बिना व्यापार चिह्न का उपयोग
b) किसी भी व्यक्ति द्वारा प्रचार प्रयोजनों के लिए व्यापार चिह्न का उपयोग
c) स्वत्वधारी द्वारा निर्धारित विशिष्ट शर्तों के तहत पंजीकृत उपयोगकर्ता द्वारा व्यापार चिह्न का उपयोग
d) सरकारी उद्देश्यों हेतु वस्तुओं और सेवाओं के लिए व्यापार चिह्न का उपयोग

91. व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 की धारा 42 के तहत सद्भावना के बिना पंजीकृत व्यापार चिह्न के समनुदेशन के लिए क्या आवश्यक है?

a) कोई अतिरिक्त आवश्यकता नहीं; इसे अन्य समनुदेशन के समान ही माना जाता है
b) समनुदेशन का विज्ञापन किया जाना चाहिए, और रजिस्ट्रार का अनुमोदन प्राप्त किया जाना चाहिए
c) समनुदेशन को न्यायालय द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिए
d) रजिस्ट्रार स्वचालित रूप से अधिकारों को हस्तांतरित कर देता है

92. माल के भौगोलिक उपदर्शन (पंजीकरण और संरक्षण) अधिनियम, 1999 की धारा 25 भौगोलिक उपदर्शन के संबंध में क्या निषेध करती है?

a) भौगोलिक उपदर्शन का व्यापार चिह्न के रूप में पंजीकरण
b) विदेश में भौगोलिक उपदर्शन का उपयोग
c) समाप्त हो चुके भौगोलिक उपदर्शन का पुनः पंजीकरण
d) गैर-प्राधिकृत उत्पादकों द्वारा उपयोग

93. माल के भौगोलिक उपदर्शन (पंजीकरण और संरक्षण) अधिनियम, 1999 की कौन सी धारा एक प्राधिकृत उपयोगकर्ता के रूप में पंजीकरण हेतु आवेदन की आवश्यकताओं को रेखांकित करती है?

a) धारा 12
b) धारा 17
c) धारा 23
d) धारा 30

94. माल के भौगोलिक उपदर्शन (पंजीकरण और संरक्षण) अधिनियम, 1999 की धारा 15 के अंतर्गत संशोधन के संबंध में रजिस्ट्रार का विवेकाधिकार क्या है?

a) रजिस्ट्रार केवल विज्ञापन से पहले ही संशोधन की अनुमति दे सकता है
b) रजिस्ट्रार आवेदन का विरोध होने के बाद ही संशोधन की अनुमति दे सकता है
c) संशोधनों के लिए न्यायिक अनुमोदन की आवश्यकता होती है
d) रजिस्ट्रार किसी भी समय त्रुटियों में सुधार और संशोधन की अनुमति दे सकता है, यहां तक कि आवेदन स्वीकृत होने के बाद भी

95. माल के भौगोलिक उपदर्शन (पंजीकरण और संरक्षण) अधिनियम, 1999 की धारा 20(1) के तहत क्या प्रतिबंधित है?

a) भौगोलिक उपदर्शन का समनुदेशन
b) समाप्ति के बाद भौगोलिक उपदर्शन का नवीनीकरण
c) अपंजीकृत भौगोलिक उपदर्शन के अतिलंघन की कार्यवाही
d) रजिस्ट्रार के निर्णयों की अपील

96. माल के भौगोलिक उपदर्शन (पंजीकरण एवं संरक्षण) अधिनियम, 1999 की धारा 26 के अंतर्गत वह व्यापार चिह्न जो भौगोलिक उपदर्शन को समाहित किये हो, को क्या संरक्षण प्रदान किया गया है?

a) यदि यह अधिनियम के लागू होने से पहले सद्भावनापूर्वक पंजीकृत किया गया था तो इसकी वैधता को जीआई पंजीकरण के आधार पर चुनौती नहीं दी जा सकती
b) किसी व्यापार चिह्न का स्वतः अमान्य होना
c) किसी भी प्रकार के व्यापार चिह्न को कोई भी सुरक्षा प्रदान नहीं की जाती है
d) किसी व्यापार चिह्न को पांच वर्षों के लिए सशर्त संरक्षण

97. माल के भौगोलिक उपदर्शन (पंजीकरण और संरक्षण) नियम, 2002 के अंतर्गत रजिस्ट्रार द्वारा नियम 31 के अंतर्गत उठाई गई कमियों (डेफ़िशियनसीज़) पर प्रतिक्रिया देने की समय सीमा क्या है?

a) 15 दिन

b) 1 माह

c) 6 माह

d) 2 माह

98. भौगोलिक उपदर्शन के पंजीकरण के लिए कौन आवेदन कर सकता है**?**

a) कोई भी व्यक्ति या कंपनी

b) उत्पादकों के हितों का प्रतिनिधित्व करने वाला कोई भी व्यक्तियों का संघ या उत्पादकों का संगठन

c) a & b दोनों

d) उपर्युक्त सभी

99. क्या होता है जब भौगोलिक उपदर्शन आवेदन में कई वर्गों का माल शामिल होता है लेकिन केवल एक आवेदन शुल्क का भुगतान किया जाता है?

a) आवेदन को सीधे खारिज कर दिया जाता है

b) आवेदक को माल को एक ही वर्ग तक सीमित करने के लिए आवेदन में संशोधन करना होगा

c) रजिस्ट्रार स्वचालित रूप से आवेदन को विभाजित करता है

d) शुल्क विसंगति का समाधान होने तक आवेदन लंबित रखा जाता है

100. माल के भौगोलिक उपदर्शन (पंजीकरण और संरक्षण) अधिनियम, 1999 के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन **सत्य** है?

a) भौगोलिक उपदर्शन के पंजीकरण से संबंधित विवरण रजिस्टर के भाग 'क' में शामिल किए जाएंगे

b) प्राधिकृत उपयोगकर्ताओं के पंजीकरण से संबंधित विवरण रजिस्टर के भाग 'ख' में शामिल किए जाएंगे

c) भौगोलिक उपदर्शन और प्राधिकृत उपयोगकर्ताओं के पंजीकरण से संबंधित विवरण रजिस्टर के एक ही भाग में एक साथ रखे जाएंगे

d) a & b दोनों

--------------अंत------------